मई 2020

# नीपको न्यूज फ्लैश

मिनी रत्न,श्रेणी-1

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA



नीपको की सीएसआर पहल : श्री सिद्धार्थ भट्टाचार्य, माननीय मंत्री, जीएमसी और कानून, असम सरकार को 9 मई, 2020 को कोविड-19 के खिलाफ कार्य पर तैनात किए गए नगरपालिका श्रमिकों के बीच वितरण के लिए मास्क, सैनिटाइज़र, हैंड वॉश लिक्युड सौंपा गया।



श्री अनिल कुमार, निदेशक (कार्मिक),नीपको ने 11 मई 2020 को समन्वय कार्यालय, गुवाहाटी के सुरक्षा बूथ, प्रवेश द्वार पर स्थापित "पैर के माध्यम से संचालित सैनिटाइजर डिस्पेंसर" का उद्घाटन किया।



19 मई 2020 को उपायुक्त के चेंबर में : नीपको, ढेप के कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रूप से कोविड -19 के जिला टास्क फोर्स के अध्यक्ष (डीसी, वोखा) को कोविड -19 संबंधित कार्यों के लिए कुल रु 1,30,000 /- मात्र की वित्तीय सहायता दी।




कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए सामाजिक दूरी, मास्क पहनना आदि निवारक उपायों का पालन करते हुए नीपको कर्मचारियों द्वारा अपने विभिन्न विभागों / स्थापनाओ / परियोजनाओं / कार्यालयों / स्थानों में 21 मई, 2020 को प्रतिज्ञा लेकर "आतंकवाद निरोधी दिसव" समारोह आयोजित किए गए।





दिनांक 16 से 31 मई 2020 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अनुपालन और कोविड-19 की रोकथाम के उद्देश्य से नीपको द्वारा अपने विभिन्न विभागों / स्थापनाओं/ परियोजनाओं / कार्यालयों / स्थानों पर नियमित रूप से स्वच्छता और किटाणुनाशक गतिविधियाँ चलाई गई।